उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 82/2020/2237/ छप्पन-2020-24/2010
लखनऊ, दिनांक: 27 नवम्बर, 2020

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन इकाई एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, लखनऊ उ0प्र0 में कार्यालय ज्ञाप संख्या- 84/2017/1263/छप्पन-17-24/2017 दिनांक 08 नवम्बर, 2017 द्वारा कु0 स्नेहा गुप्ता, प्रवक्ता (एयरो) के पद पर नियत मासिक पारिश्रमिक रूपये 45,600/-(एक पैंतालीस हजार छः सौ मात्र) पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि के लिए संविदा पर नियुक्त किया गया था। तदोपरान्त कु0 स्नेहा गुप्ता, प्रवक्ता (एयरो) की सेवाओं की आवश्यकंता को दृष्टिगत रखते हुए शासनादेश संख्या:101/2019/1901/छप्पन-2019-24/2010 दिनांक 08 नवम्बर, 2019 द्वारा उनकी संविदा सेवा अवधि दिनांक 12 नवम्बर, 2019 से आगामी 01 वर्ष के लिए बढ़ायी गई थी। निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, लखनऊ उ0प्र0 द्वारा कु0 स्नेहा गुप्ता प्रवक्ता (एयरो) की संविदा अवधि दिनांक 12 नवम्बर, 2020 से आगामी 01 वर्ष के लिए बढाए जाने के लिए संस्तुति की गई है।

2- अतः निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 लखनऊ के प्रस्ताव दिनांक 19 अक्टूबर, 2020 पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल प्रवक्ता (एयरो) के पद पर कार्यरत कु0 स्नेहा गुप्ता की संविदा अवधि दिनांक 12 नवम्बर, 2020 से आगामी 01 वर्ष (अर्थात् 11 नवम्बर, 2021तक) के लिए वर्तमान में अनुमन्य नियत मासिक पारिश्रमिक रू0 52,788/- (रूपए बावन हजार सात सौ अठ्ठासी मात्र) एवं अनुमन्य पारिश्रमिक वृद्धि (यथा समय) पर बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- कु0 स्नेहा गुप्ता की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत जारी रहेंगी।

4- कु0 स्नेहा गुप्ता से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निदेशक, नागरिक उड्डयन विभाग, उ0प्र0 द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित करके उसकी 01-01 प्रति उन्हें एवं शासन को उपलब्ध कराई जाएगी।

डॉ सत्य प्रकाश तिवारी
उप सचिव।

कु0 स्नेहा गुप्ता,
प्रवक्ता (एयरो),
म0स0-581/646, न्यू रहीमाबाद,
शान्ती नगर, सरोजनी नगर लखनऊ।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।